पत्र संख्या-स्था-6 सामान्य कम्प्यूटर//मा0मंत्री एवं सचिव//2025-26 3863 //राज्य कर

**कार्यालय** – आयुक्त, राज्य कर उ0प्र0
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग )
लखनऊ // दिनांक// 07 / नवम्बर/2025

समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश (जोन-गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद –द्वितीय,
लखनऊ-प्रथम एवं कानपुर-प्रथम को छोडकर ।

**विषय – भारत सरकार के मा0 मंत्रीकगण एवं सचिवगण के पत्रों पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में ।**

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 1646 17एम(13)/35-आ0-1/2020 टीसी दिनांक 16.10.2025 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा **भारत सरकार के मा0 मंत्रीकगण एवं सचिवगण के जो पत्र दिनांक 01.04.2025 से 30.09.2025 तक** प्राप्त हुए है, उनके सम्बन्ध में अबतक की गयी कार्यवाही की सूचना संलग्न प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है ।

अत: शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वांछित सूचना **(दिनांक 01.04.2025 से 30.09.2025 तक)** संकलित कर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर **दिनांक 12.11.2025** तक डाक /ई-मेल (cta3comhqlu-up@nic.in) के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि वांछित सूचना अविलम्ब शासन को प्रेषित की जा सकें ।

संलग्नक : विभागीय वेबसाइट पर अपलोड ।

Digitally signed by
SUNIL KUMAR VERMA
Date: 07-11-2025
17:08:31

(सुनील कुमार वर्मा)
अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

पृष्ठांकन पर संख्या व दिनांक उक्त ।
प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1- अपर आयुक्त, राज्य कर, जोन-गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद –द्वितीय, लखनऊ-प्रथम एवं कानपुर-प्रथम को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सूचना उक्त निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।
2- अपर निदेशक, राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ ।
3- समस्त अनुभाग अधिकारी राज्य कर मुख्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निर्धारित तिथि तक सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।
4- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु ।

**संलग्नक :** विभागीय वेबसाइट पर अपलोड ।

अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

संख्या 17एम (13)/35-आ0-1/2020 टीसी

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,

संयुक्त सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव

समस्त विभाग

उत्तर प्रदेश शासन।

स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन-1

(नियोजन विभाग)

दिनांक 16 अक्टूबर,2025

**विषयः भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण एवं सचिवगण के पत्रों पर की गयी कार्यवाही के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत है कि भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण तथा सचिवगण के पत्रों पर अत्यन्त तत्परता से कार्यवाही करते हुये उनका समुचित उत्तर तत्काल भारत सरकार को भेजा जाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मा0 मंत्रीगण/सचिवगण के संदर्भों के संबंध मे भारत सरकार को समय से उत्तर नहीं भेजे जाने पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा चिन्ता भी व्यक्त की जा चुकी है।

2 इस संबंध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके विभाग मे भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण तथा सचिवगण के जो पत्र **दिनांक 01.04.2025 से 30.09.2025** तक प्राप्त हुये हैं, उनके संबंध में अब तक की गयी कार्यवाही की अद्यावधिक सूचना संलग्न प्रारूप पर हार्ड कापी मे एवं साफ्ट कापी (MS Word format मे जिसको edit किया जा सके) ई-मेल pushpendra.spc@up.gov.in पर नियोजन विभाग को **दिनांक 18.10.2025 तक** अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें। यदि आपके विभाग की सूचना "शून्य" है तो कृपया शून्य सूचना भी उपलब्ध करायी जाये।

संलग्नक -उपरोक्तानुसार

भवदीय

(राजेन्द्र प्रसाद)

संयुक्त सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः-

1. प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

(राजेन्द्र प्रसाद)

संयुक्त सचिव

दिनांक 01.04.2025 से 30.09.2025 तक भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण तथा सचिवगण के प्राप्त पत्रों के संबंध में कृत कार्यवाही का विवरण

## भारत सरकार के मा0 मंत्रीगण से प्राप्त पत्रों का विव रण

विभाग का नाम:

| क्रम संख्या | भारत सरकार के पत्र की संख्या व दिनांक | विषय वस्तु (सूक्ष्म में) | विभाग द्वारा कृत कार्यवाही | यदि कार्यवाही लम्बित है तो उसका कारण | भारत सरकार को भेजे गये उत्तर की पत्र संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

## भारत सरकार के मा0 सचिवगण से प्राप्त पत्रों का विवरण

विभाग का नाम:

| क्रम संख्या | भारत सरकार के पत्र की संख्या व दिनांक | विषय वस्तु (सूक्ष्म में) | विभाग द्वारा कृत कार्यवाही | यदि कार्यवाही लम्बित है तो उसका कारण | भारत सरकार को भेजे गये उत्तर की पत्र संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |